**दिनांक: 02.12.2020**

**एपीडा की कॉर्पोरेट फिल्म का निर्माण - संदर्भ की शर्तें**

**सीपीपी पोर्टल निविदा आई.डी: 2020_APEDA_574499_1**

**1. प्रस्तावना**

एपीडा, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त संगठन है। एपीडा द्वारा अपनी कॉर्पोरेट फिल्म के निर्माण के लिए प्रतिष्ठित उत्पादन एजेंसियों/निर्माताओं से प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं।

**2. विषय:**

**एपीडा कॉर्पोरेट फिल्म**

स्टोरी लाइन में एपीडा की संक्षिप्त गतिविधियाँ, इसके कार्य / अधिदेश, छः प्रमुख उत्पाद श्रेणियों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं, अवसंरचनात्मक ढांचे के क्षेत्र में पिछले पांच वर्षों के दौरान उपलब्धियां, बाजार संवर्धन, बाजार पहुंच, गुणवत्ता आदि को शामिल किया जा सकता है।

डॉक्यूमेंट्री की विषय वस्तु और विषय समय-समय पर एपीडा द्वारा उपलब्ध किए गए कार्यक्रम के संक्षिप्त विवरण के अनुरूप हो।

**3. कार्य का क्षेत्र:**

(i.) सभी तरह से कॉर्पोरेट फिल्म का निर्माण पूरा किया जाए।

(ii.) कॉर्पोरेट फिल्म की संख्या - दो

(iii.) अवधि : i) अधिकतम पांच मिनट की अवधि
ii) अधिकतम दो मिनट की अवधि

(iv.) शूटिंग करने का प्रारूप: फुल HD में शूटिंग और प्रदेय में निर्दिष्ट के रूप में विभिन्न स्वरूपों में कार्य पूरा किया जाए

(v.) शूटिंग की लोकेशन: भारत में किसी भी जगह

(vi.) शूटिंग की अवधि: 15-20 दिन

(vii.) भाषा: प्रमुख निर्मिति अंग्रेज़ी में की जाए। हालांकि, भविष्य में आवश्यकता होने पर अधिक शुल्क पर अन्य भाषाओं अर्थात् क्षेत्रीय और विदेशी भाषाओं में भी इसका अनुवाद करने का प्रावधान किया जा सकता है।

(viii.) वितरण सारणी:

प्रालेख स्क्रिप्ट: कार्य आदेश के जारी होने से 3 दिन

रफ कट: स्क्रिप्ट की मंज़ूरी से 15 दिन

अंतिम निर्मिति: रफ कट की मंज़ूरी से 3 दिन

(ix.) गुणवत्ता - उत्पादन अंतर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा करते हुए उच्च गुणवत्ता का हो। आधुनिक संपादन तकनीकों का उपयुक्त उपयोग जिसमें पाठ / दृश्य, मल्टी-लेयरिंग, कंपोज़िंग, क्रोमो की, विशेष प्रभाव आदि का प्रतिपादन किया गया है ताकि फिल्म को दृश्यमान रूप से समृद्ध बनाया जा सके। वीडियो फिल्म सभी सार्वजनिक और निजी चैनलों के अंतर्राष्ट्रीय टेलीकास्ट मानकों को पूरा करे।

**4. प्रदेय:**

(i) मास्टर एच.डी प्रारूप - प्रत्येक फिल्म की दो प्रतियां
(ii) अन-मिक्स मास्टर एचडी प्रारूप - प्रत्येक फिल्म की एक प्रति
(iii) हार्ड डिस्क (एमओवी या एमपीईजीप्रारूप) - प्रत्येक फिल्म की एक प्रति
(iv) डीवीडी/पेन ड्राइव - प्रत्येक फिल्म की 100 प्रतियां (स्क्रैच प्रूफ)
(v) प्रिंट फॉर्म (एक कॉपी) और एमएस-वर्ड या आरटीएफ फ़ाइल प्रारूप में CD फॉर्मेट/ पेन ड्राइव में अंतिम स्क्रिप्ट की हार्ड कॉपी
(vi) वीपी प्रारूप में सिनॉप्सिस और विवरण स्क्रिप्ट (हार्ड कॉपी के साथ आरटीएफ फ़ाइल प्रारूप में)
(vii) अंतिम स्क्रिप्ट की प्रतियां
(viii) वेबसाइट अपलोड के लिए प्रत्येक एपिसोड की संकुचित फाइल
(ix) निर्मित फिल्मों की अपरिष्कृत (रॉ) वीडियो फ़ाइल

**5. चयन एवं मूल्यांकन प्रक्रिया:**

सभी प्राप्त प्रस्तावों को एपीडा द्वारा नियुक्त चयन समिति द्वारा देखा जाएगा।

यह आवश्यक है कि एजेंसियां, एपीडा कॉर्पोरेट फिल्म को हार्ड और सॉफ्ट कॉपी में रचनात्मक रूप में प्रस्तुत करें। समिति द्वारा रचनात्मकता और डीएवीपी दरों के आधार पर एजेंसी को शॉर्टलिस्ट की जाएगी। हालांकि, यदि आवश्यक हो तो एजेंसियों को तकनीकी आधार पर चयन के लिए प्रस्तुति के लिए कहा जा सकता है। शॉर्टलिस्ट एजेंसियों के बीच सबसे कम की बोली लगाने वाले का चयन किया जाएगा। **तकनीकी और वित्तीय बोली प्रोफार्मा को संलग्नक - 1 और 2 में रखा गया है, जिसे 22.12.2020 तक शाम 4:00 बजे तक प्रस्तुत किया जाए।**

**मूल्यांकन मानदंड**

1. परिकल्पना
2. स्क्रिप्ट
3. फिल्म निर्माण में पिछले रिकॉर्ड
4. विषय निरूपण
5. पोस्ट प्रोडक्शन
6. समय-सारिणी का पालन करना

**6. कॉपीराइट :** एपीडा द्वारा अंतिम संपादित फिल्म और सभी शूटिंग सामग्री के उपयोग, विपणन सामग्री और बौद्धिक आदि पर स्वामित्व अधिकार को रखा जाएगा। यदि एजेंसी या कोई अन्य, एपीडा के अतिरिक्त उद्देश्य के लिए फुटेज/शूट सामग्री का उपयोग करने के इच्छुक हैं तो इसके लिए उन्हें एपीडा से लिखित अनुमति लेनी होगी।

**7. भुगतान : डीएवीपी मानदंडों के अनुसार और स्वीकृत बोली शर्तों के अनुसार अधिकतम**

**8. पात्रता मानादंड**

निम्नलिखित शर्तों को पूरा करने वाली एजेंसियों/फिल्म बनाने वाली कंपनियों/प्रोडक्शन हाउस को उपरोक्त गतिविधि के लिए आवेदन करने हेतु आमंत्रित किया जा रहा है

- एजेंसी एपीडा के लिए परियोजना शुरू करने के लिए एक योग्य रचनात्मक टीम प्रदान करने में सक्षम हो और फिल्म निर्माण परियोजनाओं को संभालने में अनुभव का प्रदर्शन करे।

- एक पंजीकृत व्यावसायिक इकाई/सेवा प्रदाता हो। टैन / प्रत्यक्ष कर / आयकर / ट्रेड टैक्स / वैट / जीएसटी इत्यादि की पंजीकरण संख्या तकनीकी बोली प्रारूप में उद्धृत की जा सकती है और प्रमाणपत्र / प्रमाण की प्रति संलग्न की जाए। ये दस्तावेज केवल आवेदक संगठन के नाम पर हो, समूह / सह संगठनों के नाम पर न हो। दूसरे शब्दों में, प्रस्तुत किए गए सभी दस्तावेजों में आवेदक संगठन का नाम समान हो।

- डॉक्यूमेंट्री फिल्म्स के निर्माण में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव हो। कार्य आदेशों की प्रतियां संलग्न की जाएं।

- वर्ष 2019-20 से शुरू होने वाले 3 वित्तीय वर्षों के दौरान केवल 1.00 करोड़ रुपये (न्यूनतम एक करोड़) का औसत टर्नओवर हो। टर्नओवर केवल आवेदक संगठन के नाम पर हो, समूह / सह संगठनों के नाम पर न हो। (इसके लिए वार्षिक लेखा परीक्षित संलग्न करें। लेखा परीक्षित खाते उपलब्ध ना होने की स्थिति में टर्नओवर के बारे में विवरण देने वाला सीए सर्टिफिकेट संलग्न किया जाए)।

- एक स्व-प्रमाणित उत्तरदायित्व को यह उल्लेख करते हुए प्रस्तुत किया जाए कि आपको किसी भी सरकारी संगठन द्वारा कभी भी ब्लैकलिस्ट नहीं किए गए हैं और यदि ऐसा है, तो यह वर्तमान तिथि पर लागू नहीं होता है।

- नई दिल्ली में देय "एपीडा" के पक्ष में 25,000 / - (केवल पच्चीस हजार रुपए) की राशि के लिए डीडी के रूप में EMD का प्रस्तुतिकरण बोली के लिए आवश्यक है जिसके बिना बोली प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया जाएगा।

- पंजीकृत कंपनी / फर्म के पास उत्तम प्रशिक्षित प्रोडक्शन टीम हो।

**9. अन्य नियम एवं शर्तें**

क. एपीडा के पास अधिकार हैं:

- एपीडा अनुबंध/आदेश को देने से पहले किसी भी समय या कोई कारण बताए बिना और एपीडा पर किसी भी दायित्व को स्वीकार किए बिना किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकार करने या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
- एपीडा कीमतों को कम करने के लिए चयनित बोलीदाताओं के साथ कीमतों पर बातचीत करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

- अपने विवेक पर आवेदन जमा करने की समय सीमा बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

- चयन प्रक्रिया के नियमों और शर्तों को संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

- यदि एपीडा की राय में यह सार्वजनिक हित में आवश्यक हो तो चयनित पार्टी के साथ किसी भी समय परियोजना को निलंबित, किसी भाग में या पूरी तरह से अनुबंध को रद्द किया जा सकता है। एपीडा का निर्णय इस संबंध में अंतिम और बाध्यकारी होगा।

  किसी भी कारण या पूर्वोक्त कार्रवाई से उत्पन्न किसी भी क्षति या नुकसान के लिए एपीडा उत्तरदायी नहीं होगा।

- यदि एपीडा की राय में यह सार्वजनिक हित में या परियोजना के कार्यान्वयन के लिए आवश्यक हो तो संपर्क प्रक्रिया के नियमों और शर्तों को संशोधित किया जाएगा जो बोली प्रक्रिया के बाद सफल बोलीदाता को दी जाएगी। एपीडा का निर्णय इस संबंध में अंतिम और बाध्यकारी होगा।

  एपीडा की आवश्यकताओं के अनुसार प्रस्ताव प्रस्तुत न करने वाली एजेंसियों के आवेदन को अस्वीकार करना।

ख. चयनित वेंडर को सरकार के नियमों और मानकों का अनुपालन करना होगा।

ग. चयन जी.एफ.आर 2017 के दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाएगा।

## 10. बोली को प्रस्तुत करने हेतु दिशा-निर्देश

बोलियों को मुहरबंद लिफाफे में सहायक दस्तावेजों के साथ बोलीदाता द्वारा निम्नलिखित प्रणाली के अनुसार प्रस्तुत किया जाए:

10.1 विज्ञापन जारी होने की तारीख से 21 दिनों के भीतर मुहरबंद निविदाओं को जमा करना आवश्यक है। सशर्त प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और इन्हें अस्वीकार कर दिया जाएगा।

10.2 **लिफाफा** I: **EMD-** इसमें नई दिल्ली में देय एपीडा के पक्ष में 25,000/- रुपए (केवल पच्चीस हज़ार रुपए) के डी.डी के रूप में बयाना राशि हो।

10.3 **लिफाफा** II: इसमें सहायक दस्तावेज़ों के साथ विधिवत रूप से भरा गया संलग्नक-**I** (तकनीकी बोली) हो। यह लिफाफा मोहरबंद हो और इस पर **"एपीडा कॉर्पोरेट फिल्म के निर्माण हेतु तकनीकी बोली"** उल्लिखित हो।

10.4 **लिफाफा** III: इसमें संलग्नक-**II** (वित्तीय बोली) हो जिसे निविदा दस्तावेज़ के नियम एवं शर्तों के आधार पर एपीडा की पूर्ण परियोजना हेतु सभी करों को शामिल कर भारतीय रूपयों में बोली के मूल्य के लिए विधिवत रूप से भरा गया हो। यह लिफाफा मोहरबंद हो और इस लिफाफे पर **"एपीडा कॉर्पोरेट फिल्म के निर्माण हेतु वित्तीय बोली"** उल्लिखित हो।

**10.5 लिफाफा** IV: (लिफाफा IV में लिफाफे- I, II, III रखे जाएं और लिफाफा IV को भी मुहरबंद किया जाए। लिफाफे- I, II, III और IV पर स्पष्ट रूप से एजेंसी का नाम, पूरा पता, टेलीफोन नं., ई-मेल लिखा जाए। प्रमुख लिफाफे (लिफाफा IV) पर इस **"एपीडा कॉर्पोरेट फिल्म के निर्माण हेतु तकनीकी बोली एवं वित्तीय बोली"** उल्लिखित हो और उसे निम्नलिखित पते पर महाप्रबंधक (व्यापार मेले) को प्रस्तुत किया जाए।

**11. प्रदर्शन आश्वासन**

यदि एजेंसी का प्रदर्शन कसौटी पर खरा नहीं उतरता है या किसी प्रकार की कमी रह जाती है/ कार्य के क्षेत्र में औसत दर्जे से कम आउटपुट दिया जाता है तो अंतिम भुगतान के समय एपीडा द्वारा कुल बोली मूल्य का एक हिस्सा नहीं दिया जाएगा। इस संबंध में अध्यक्ष एपीडा का निर्णय अंतिम होगा।

पूर्व बोली बैठक 07 दिसंबर, 2020 को दोपहर 3:00 बजे सम्मेलन कक्ष, एपीडा, तीसरी मंजिल, एन.सी.यू.आई बिल्डिंग, 3 सिरी इंस्टीट्यूशनल एरिया, अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली -110 016 आयोजित की जाएगी।
**बोली जमा करने की अंतिम तिथि 22 दिसंबर 2020 शाम 5:00 बजे तक है। पूर्ण आवेदनों को निम्नलिखित पते पर भेजा जाए:**

महाप्रबंधक (व्यापार मेले)
कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा)
(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)
तीसरी मंजिल, एन.सी.यू.आई बिल्डिंग, 3, सिरी सांस्थानिक क्षेत्र,
अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली-110016

**संलग्नक ।**

**एपीडा कॉर्पोरेट फिल्म के निर्माण हेतु आवेदन फॉर्म**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | संगठन/कंपनी का नाम<br>(प्रस्तुत किए जाने वाले पंजीकरण दस्तावेज़ (स्व-प्रमाणित) | |
| 2 | पत्राचार का पता | |
| 3 | संपर्क व्यक्ति | |
| 4 | संपर्क विवरण (टेलिफोन नं./फैक्स नं./मोबाइल नं./ई-मेल) | |
| 5 | स्थायी खाता संख्या (स्व-प्रमाणित प्रति)<br><br>जी.एस.टी सं./सेवा कर/वैट सं. (स्व-प्रमाणित प्रति) | |
| 6 | अनुभव (वर्ष) | |
| 7 | ट्रैक रिकॉर्ड - समान प्रकृति के कार्य को संभालने का पिछला अनुभव (कृपया यहां उल्लेख करें)। कंपनी के पास 5 वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए (प्रतियों के साथ कार्य आदेशों का विवरण संलग्न करें ) | |
| 8 | वर्ष 2019-20 से शुरू होने वाले 3 वित्तीय वर्षों के दौरान केवल न्यूनतम एक करोड़ रुपये का औसत टर्नओवर हो। टर्नओवर केवल आवेदक संगठन के नाम पर हो, समूह/सह-संगठन के नाम पर न हो। (उसी के लिए लेखा परीक्षण किया गया तुलन पत्र संलग्न करें। यदि ऑडिट किए गए खाते उपलब्ध नहीं हैं, तो टर्नओवर के बारे में विवरण देने वाले सीए सर्टिफिकेट को संलग्न किए जाएं। | |
| 9 | नई दिल्ली में देय एपीडा के पक्ष में 25,000/- रुपए (केवल पच्चीस हज़ार रुपए) के डी.डी के रूप में ब्याज मुक्त बयाना राशि हो। अंतिम चयन के बाद असफल बोलीकर्ताओं को **EMD** लौटा दी जाएगी। चयनित बोलीदाता के लिए, **EMD** राशि को अंतिम भुगतान में समायोजित किया जाएगा। | |
| 10 | बैंक विवरण | |
| 11 | क्लाइंट्स की सूची | |
| 12 | संगठन / कंपनी द्वारा स्व प्रमाणन कि उन्हें कभी किसी सरकार संगठन / विभाग द्वारा ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया है | |
| 13 | कोई अन्य विवरण | |

मैं / हम इसके द्वारा प्रमाणित करते हैं कि ऊपर दी गई जानकारी सही है और इसमें कुछ भी छुपाया नहीं गया है। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि न तो संगठन और न ही संगठन के किसी भी अधिकारी ने अनैतिक प्रथाओं का सहारा लिया है और कोई भी जांच/सतर्कता जांच किसी भी एजेंसियों/अदालतों द्वारा लंबित नहीं है।

________________

अधिकृत हस्ताक्षरी

________________

नाम

________________

पद के साथ कंपनी सील

दिनांक --/--/----

स्थान

**संलग्नक II**

## एपीडा कॉर्पोरेट फिल्म के निर्माण हेतु वित्तीय बोली

| **क्र.सं.** | **घटक** | **रूपए में घटक लागत** |
|---|---|---|
| 1. | 5 मिनट के लिए फिल्म निर्माण की लागत | |
| 2. | 2 मिनट के लिए फिल्म निर्माण की लागत | |
| 3. | कर, यदि हो | |
| 4. | कुल लागत (करों सहित) | |